दैनिक जागरण 08/03/2024

# जीएमएन कालेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

महिला दिवस पर अतिथि को सम्मानित करते हुए ● विज्ञप्ति

**जासं, अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में वूमेन सैल एवं एसडीजी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान और फन फिल्ड एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर हरिंदर कौर, सरपंच उगाड़ा ने शिरकत की। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक कमलेश कुमारी ने मुख्य वक्ता का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। मंच का संचालन डा. रवनीत कौर के द्वारा किया गया। डा. केके पूनिया ने विद्यार्थियों को सतत विकास के लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डा. अनुराधा, डा.सरोज, डा. भारती, डा. नियति, डा. रवनीत कौर, डा. नीना, डा. सुरजीत, डा. ज्योति, डा. अंशु, महक मौजूद रहे।